Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to construct approach road on both sides of Yamuna river bridge in Kairana Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री प्रदीप कुमार चौधरी (कैराना): कैराना लोक सभा की विधान सभा गंगोह में दौलतपुर – लाखनोती यमुना नदी के पुल का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है । यह पुल उत्तर प्रदेश और हरियाणा को जोड़ता है । पुल के दोनों तरफ से जोड़ने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है जिससे प्रतिदिन आने- जाने वाले यात्रियों को यातायात की समस्या से जूझना पड़ता है । दोनों राज्यों की यह एक मुख्य मांग है कि पुल के दोनों तरफ की सड़कों का निर्माण हो जिससे यातायात सुलभ और सरल हो सके ।

मेरा सरकार से निवेदन है कि उक्त दोनों राज्य के यात्रियों की सुविधा हेतु यमुना नदी के पुल के दोनों तरफ जाने वाली सड़कों का निर्माण अतिशीघ्र कराया जाये ।